Title: Need to provide financial assistance to Government of M.P. for construction of a bridge on Chambal river at Ushedghat between Madhya Pradesh and Uttar Pradesh − Laid.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच चम्बल नदी के उसेदघाट पर पुल का शिलान्यास तत्कालीन प्रधान मंत्री स्व. श्री राजीव गांधी द्वारा किया गया था, परन्तु आज दिनांक तक पुल का कार्य शुरू नहीं हुआ है। यदि उसेदघाट पर पुल का निर्माण होता है, तो फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश और मुरेना, मध्य प्रदेश के बीच यातायात चालू हो जाएगा और लाखों नागरिकों को इससे सुविधा होगी। वर्तमान में वहां पीपों का पुल बना हुआ है जो बारिश में खोल दिया जाता है जिस पर प्रतिर्वा लाखों रुपया खर्च होता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि चम्बल नदी के उसेदघाट पर पुल निर्माण हेतु पहल करने का कट करें अथवा इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन निर्गत करें।